ment to his son. In the case of Forest employees, compensation under the Workmen's Compensation Act is being granted.

3. The Andaman and Nicobar Administration are adopting intenesive beat patrolling to safeguard the lives and property of the people. They also deploy Police Force along the settlement areas as and when the situation warrants.

**गंभीर किस्म के अपराध**

147. **श्री एन. के. शेजवलकर** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले तीन महीनों के दौरान किये गये गंभीर किस्म के अपराधों की राज्यवार संख्या क्या है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना)** : अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और उसके प्राप्त होने पर एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया जायेगा ।

**बेरोजगार तकनीकी तथा गैर-तकनीकी व्यक्तियों की संख्या**

148. **श्री विजय कुमार यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वर्ष 1966 से 1980 तक की अवधि के दौरान बेरोजगार तकनीकी तथा गैर-तकनीकी शिक्षित व्यक्तियों की वर्ष-वार संख्या कितनी-कितनी रही ;

(ख) क्या यह सच है कि शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या प्रति वर्ष बढ़ती ही जा रही है ; और

(ग) यदि प्रश्न के उपरोक्त (ख) भाग का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार का विचार शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने हेतु तुरन्त ही प्रभावी कदम उठाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) से (ग). वर्ष 1966 से 1979 (जून) तक के वर्षों के लिए रोजगार दफ्तरों के रिक्त रजिस्टरों में रोजगार की तलाश करने वाले शिक्षित व्यक्तियों की संख्या का विवरण सभा-पटल पर रखा गया है । इसे देखने से यह मालूम होगा कि रोजगार दफ्तरों के रिक्ति रजिस्टर में रोजगार तलाश करने वाले शिक्षित व्यक्तियों की संख्या में काफी विस्तार हुआ है । नई सरकार शिक्षित बेरोजगारों की समस्या के प्रति जागरूक है । उनका योजना पर नये सिरे से विचार करने का प्रस्ताव है और ऐसा करते समय वे इस संबंध में किए जाने वाले विशिष्ट उपायों पर विचार करेंगे ।

**विवरण**

रोजगार दफ्तरों के रिक्ति रजिस्टर में दर्ज रोजगार तलाश करने वाले शिक्षित (मैट्रिक और उस से ऊपर) व्यक्तियों की संख्या। और उन में (इंजीनियरी, चिकित्सा, कृषि और पशु चिकित्सा विषयों में स्नातक और उस से ऊपर) रोजगार तलाश करने वाले तकनीकी व्यक्तियों की संख्या ।

(आंकड़े हजार में)

| समाप्त वर्ष | तकनीकी | अन्य | कुल शिक्षित व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1966 | 4.9 | 912.6 | 917.5 |
| 1967 | 11.0 | 1076.4 | 1087.4 |
| 1968 | 16.0 | 1293.3 | 1309.3 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 1969 . . . . . . . | 20.5 | 1505.7 | 1526.2 |
| 1970 . . . . . . . | 26.5 | 1795.1 | 1821.6 |
| 1971 . . . . . . . | 31.4 | 2264.2 | 2295.6 |
| 1972 . . . . . . . | 38.2 | 3236.0 | 3274 2 |
| 1973 . . . . . . . | 39.2 | 3862.4 | 3901.6 |
| 1974 . . . . . . . | 34.7 | 4140.0 | 4174.7 |
| 1975 . . . . . . . | 34.4 | 4770.8 | 4805.2 |
| 1976 . . . . . . . | 36.7 | 5067.4 | 5104.1 |
| 1977 . . . . . . . | 40.3 | 5694.3 | 5734.6 |
| 1978 . . . . . . . | 42.5 | 6405.5 | 6448 0 |
| 1979 (जून) . . . . . . . | 45.0 | 6891.8 | 6936.8 |

**आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण नीति लागू किया जाना**

149. **श्री के. सी. पाण्डे:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्र के सर्वाधिक हित में जाति के आधार पर आरक्षण के स्थान पर आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण नीति लागू करने का है जिससे राष्ट्र सभी प्रकार के वर्ग संघर्ष से मुक्त रहे ; और

(ख) यदि हां, तो यह नीति कब लागू की जायेगी ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना):** (क) अनुसूचित जातियों के लिये आरक्षण जाति पर आधारित नहीं है अपितु अस्पृश्यता की पारम्परिक प्रथा से उत्पन्न सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित है और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण उनके आदिम लक्षणों, विशिष्ट संस्कृति, भौगोलिक अलगाव, समुदाय के साथ युक्त रूप से सम्पर्क स्थापित करने में संकोच करने और पिछड़ेपन पर आधारित है । आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**Setting up of a Cement Factory in Public Sector in Bihar**

150. SHRI R. P. YADAV: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) what is the basis of opening a cement factory at a particular place;

(b) whether it is a fact that raw materials for cement are available in abundance in Bihar; and

(c) if so, the reason for having not a single cement factory in the public sector in Bihar?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI CHARANJIT CHANANA): (a) The availability of basic raw materials and other allied infra-structure facilities like availability of transport, coal, power etc., and the economic viability are amongst the considerations for setting up of any factory including a cement factory.

(b) Yes Sir. Limestone deposits are available in Bihar.

(c) The lime stone deposits in Bihar are being exploited by cement facto-